हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


12 शिक्षा, स्वरोजगार से ही समाज का विकास





14 गर्मी की शुरूआत में ही बोर सूखने लगे





मो. 87700-12645, 94076-26176 आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान नगद खरीदें - सस्ता खरीदें

यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर

एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट

हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)

क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*


## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम: कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रहृमा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंदहासोज्ज्वलकरा
शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन 6 को

**नगरी।** भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट रायपुर के तत्वाधावन में अरबिंदो नेत्रालय पचपेड़ी नाका के प्रतिष्ठित डॉक्टर आनंद सक्सेना एवं उनकी टीम द्वारा आंखों की नि:शुल्क जांच एवं मोतियाबिंद का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। नेत्र परीक्षण 6 अप्रेल को प्रातः 9 बजे से 11बजे तक स्थल अरबिंदो नेत्रालय पचपेड़ी नाका रायपुर में होगा। 50 मरीजों का ही रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है।

### फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**धमतरी।** शाम को बिना बताये घर से निकले युवक का शव दूसरे दिन फंदे पर लटका पाया गया। पुलिस के अनुसार महिमासागर वार्ड निवासी प्रकाश बांधे पिता लक्ष्मीचंद उम्र 36 वर्ष कोठारी एजेन्सी में ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। मंगलवार की शाम युवक घर से निकला था जो रातभर घर वापस नहीं लौटा। बुधवार की सुबह उसे दानीटोला स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के पास बरगद पेड़ में गमछा व रस्सी के फंदे से लटका पाया गया। युवक की मौत हो चुकी थी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया।

## पुरानी ही जगहों पर चल रही शराब दुकान, वार्डवासी नाराज

# शराब दुकानों के लिए नहीं मिली दूसरी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर की दो शराब दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए प्रस्ताव बनाया गया है, लेकिन अब तक इन शराब दुकानों को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए भवन नहीं मिल रहा है। वहीं कई जगह पर तो लोग इन दुकानों को खोलने के लिए राजी नहीं हुए है। ग्राम नारी में भी शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

जिले में कुल 27 शराब दुकानें हैं, जिसमें से कई शराब दुकानें लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। लगातार वार्डवासी इन शराब दुकानों को हटाने की मांग करते आ रहे हैं। सालों से मांग करने के बाद भी इन शराब दुकानों को नहीं हटाया गया है। अब वार्डवासी आंदोलन के मूड में हैं। स्थिति को देखते हुए आबकारी विभाग ने भी कुछ शराब दुकानों को हटाने के लिए कोशिश शुरू कर दी है। इसमें औद्योगिक वार्ड में बस स्टैंड के पीछे स्थित अंग्रेजी और देशी शराब दुकान और सोरिद वार्ड में हाईवे पर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान शामिल है। अप्रैल माह के साथ नया वित्तीय वर्ष शुरू हो गया है। इससे पहले ही इन शराब दुकानों को हटा लिया जाना था, लेकिन आबकारी विभाग को इन दुकानों को लिए दूसरी जगह नहीं मिल रही है। ऐसे में नए वित्तीय वर्ष में पुरानी जगहों पर ही इन शराब दुकानों को शुरू किया गया है। यदि आबकारी विभाग को इन शराब दुकानों के लिए दूसरी जगह नहीं मिलती है तो इन दुकानों का संचालन पुराने स्थानों पर ही किया जाएगा। ऐसे में वार्डवासियों की नाराजगी बढ़ती जा रही है।



### सोरिद में शराब दुकान बर्दाश्त नहीं

सोरिद में वार्डवासी दो साल से शराब दुकान को हटाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इस साल उन्हें शासन से आश्वासन भी मिला है कि इस शराब दुकान को हटा लिया जाएगा। अप्रैल माह शुरू होने के बाद भी शराब दुकान के नहीं हटने से वार्डवासी अब आंदोलन का मन बना रहे हैं। वार्डवासी पुरूषोत्तम सिन्हा, बबीता वाल्टर, राकेश तिवारी सहित अन्य लोगों ने बताया कि मंडी परिसर में पर्याप्त जगह है। रिहायशी क्षेत्र से हटाकर इस दुकान को मंडी प्रांगण में ले जाया जा सकता है, लेकिन इस ओर प्रशासन जरा भी ध्यान नहीं दे रहा है। यही स्थिति बस स्टैंड के पीछे स्थित शराब दुकान की है। यहां पर कई हास्पिटल हैं, जहां पर मरीज और परिजन देर रात तक आना जाना करते हैं। शराब दुकान के कारण उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

### नारी में शराब दुकान का विरोध

ग्राम नारी में काफी संघर्ष के बाद शराब दुकानों को बंद कराया गया था। अब फिर से कुछ लोगों ने यहां शराब दुकान खोलने की मांग की है। इस मांग के आधार पर आबकारी विभाग ने नारी में शराब दुकान खोलने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। उधर ग्रामीण इस शराब दुकान के विरोध में हैं। उन्होंने बताया कि यदि गांव में शराब दुकान खुलती है तो वे पहले से ज्यादा उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पूर्व में ही अपनी मंशा जाहिर कर दी थी।

# ट्रक चालक पर चाकू से हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





ट्रक में बैठे चालक पर अज्ञात युवक ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार भिलाई निवासी अमित कुमार पिता अनिल कुमार उम्र 25 वर्ष ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचयू 2835 का ड्राइवर है। युवक मंगलवार की रात्रि ट्रक चलाते भखारा मार्ग से जा रहा था। इसी दौरान वह ग्राम देमार स्थित पेट्रोल पंप के पास ट्रक को खड़ा कर चालक सीट पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने ट्रक पर चढ़कर चालक अमित पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह ट्रक की चालक सीट से हिल नहीं पा रहा था और न ही मदद के लिये किसी को आवाज दे पा रहा था। सूचना पर रक्तदान ग्रुप के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचे और स्वयं किसी तरह घायल चालक को ट्रक से नीचे उतार अपनी एंबुलेंस से उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। चाकू के हमले से चालक के पेट की अतड़ी बाहर आ गई थी। नाजुल हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे इलाज के लिये हायर सेंटर रिफर कर दिया।

■ देमार पेट्रोल पंप के पास की घटना

### रंजिश बना घटना का कारण

बताया जाता है कि उक्त ट्रक को पूर्व में दूसरा चालक चला रहा था जिसे ट्रक मालिक ने काम से हटाकर अमित को काम पर रखा था। इससे पूर्व चालक अमित से रंजिश रखता था। रंजिश के चलते पूर्व चालक ने अमित पर चाकू से हमला किया है। हमला करने वाले पूर्व चालक को भखारा का बताया जा रहा है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969


## माता को सोलह श्रृंगार अर्पित किया, मंदिरों एवं घरों में हुई विशेष पूजा

# देवी मंदिरों में मना पंचमी उत्सव, निकाली चुनरी यात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

चैत्र नवरात्रि की महापंचमी पर बुधवार को शहर के देवी मंदिरों में पंचमी उत्सव मनाया गया। भक्तों ने माता को विशेष श्रृंगार अर्पित कर विधि-विधान से पूजा की। श्रद्धालुओं ने इस दिन निराहार उपवास भी रखा। दर्शन के लिए मंदिरों में दिनभर भक्तों की भीड़ लगी रही।

शहर के आराध्य मां विंध्यवासिनी मंदिर में अलसुबह पट खुलते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि सुबह माता की महाआरती के बाद विशेष श्रृंगार किया गया। श्रृंगार अर्पण के बाद भोग, आरती, पूजा पाठ, दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तसती का पाठ हुआ। इसी बीच भक्तों ने भी माता को नारियल, सुपारी, फूल, पत्र, श्रृंगार भेंट किया। भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था बनाई थी। गंगरेल स्थित मां अंगारमोती मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, रत्नेश्वरी मंदिर, कालिका मंदिर, बम्लेश्वरी मंदिर, रिसाईमाता मंदिर, गायत्री मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, कामना मंदिर, वैष्णव मंदिर, मंदरमाई मंदिर में माता को विशेष श्रृंगार अर्पित कर विधि विधान से पूजा, आरती की गई। महापंचमी के अवसर पर भक्तों ने बुधवार को शहर में चुनरी यात्रा निकाली। आतिशबाजी हुई। जयकारे लगे। भक्तों ने बैंडबाजा, ढोल-मंजीरा जैसे वाद्ययंत्रों के सहारे माता के भजन गाते पदयात्रा की। धीवर समाज द्वारा शाम 5 बजे घड़ी चौक से चुनरी यात्रा निकाली गई। चुनरी यात्रा गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेलीचौक, कचहरी चौक, गणेश चौक, रामबाग, मां विंध्यवासिनी मंदिर मार्ग, दानीटोला होते हुए देर रात महिमासागर वार्ड स्थित मां शीतला माता मंदिर पहुंची जहां माता को सोलह श्रृंगार, प्रसाद अर्पित कर पूजा पाठ किया गया। आरती की गई। रास्ते में शनि मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, शिव मंदिर, गणेश मंदिर, रामजानकी मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, गणेश मंदिर, बम्लई मंदिर, मां विंध्यवासिनी मंदिर में श्रृंगार की टोकरी व प्रसाद अर्पित किया। भक्त माता की जयकारे लगाते पैदल यात्रा की।

इस अवसर पर समाज के परमेश्वर फूटान, होरीलाल मत्स्यपाल, भुवनलाल धीवर, सोनूराम सपहा, नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा, सोहन धीवर, दिलीप धर्मगुड़ी, लेखराज धर्मगुड़ी, मोतीलाल धीवर, जोहन पाल, पवन हिरवानी, रणजीत तारक, प्रकाश नाग, केशव सपहा, गणेश कोसरिया, गैंदलाल कोसरिया, गिरधर, मनोज रिंगरी, राजू ओझा, बलराम हिरवानी, अजय मीनपाल, सहित सभी समाजजन शामिल रहे।

इसी तरह मां बिलाईमाता सेवादार समिति द्वारा महापंचमी पर बुधवार को शाम 6.30 बजे माता की चुनरी, झांकी, पालकी, शोभायात्रा निकाली गई। माता की प्रतिमा को रथ में सवारकर आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शोभायात्रा घड़ी चौक से मुख्य मार्ग होते हुए मां बिलाईमाता मंदिर पहुंची जहां माता को सोलह श्रृंगार और प्रसादी भेंट किया गया। शोभायात्रा के दौरान रास्ते में स्थापित सभी मंदिरों में श्रृंगार और प्रसादी चढ़ाया गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण जसगीत गायक खिलेश यादव दुर्ग थे। उन्होंने अपने सुमधुर स्वर में वाद्ययंत्रों के साथ माता का भजन रास्तेभर प्रस्तुत किया। भक्त माता के जयकारे लगाकर भजनों में झूमे। डीजे, ढोल मंजीरे की धुन में भक्ति संगीत चला। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों सहित समिति के आर्यन सोनकर, सुभाष चंद्राकर, तनवीर सिन्हा, गौरव सोलंके, चित्रांश श्रीवास्तव, यश गांधी, शुभम साहू, श्रेयांश साहू, गिरिराज साहू, सुशांत साहू आदि मौजूद थे।




## खबर संक्षेप



### दंतेश्वरी मंदिर में 92 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

**सांकरा।** सांकरा के मांई दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर 92 ज्योत प्रज्वलित हो रही है। ज्योति प्रज्ज्वलन से पूर्व आचार्य पंडित उदेभानु दीवान ने विधिवत पूजा अर्चना की। मौके पर ग्राम पुजारी कुमेश पटेल, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, छगन साहू, टिकेश साहू, गोपी पटेल, राजू पटेल, यतीन्द्र पटेल, चुम्मन पटेल, शंकर पटेल, बलदाऊ यादव, मोहन साहू, हजारी सेन, कैलाश बिसेन, प्रमोद पटेल, निर्भय बोरछा सहित देव समिति के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### भोथीडीह स्कूल में खेल की निःशुल्क कोचिंग

**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथीड़ीह में निःशुल्क कोचिंग कैंप लगाया जा रहा है। सॉफ्टबॉल, कुश्ती, गतका और ड्राप रो बाल खेल की निःशुल्क कोचिंग 1 अप्रैल से 15 जून तक कोचिंग दी जायेगी। व्यायाम शिक्षक वेदराम साहू खेल की बारीकियां समझा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से खेल मैदान में कोचिंग शुरू होती है।

### शिवमंदिर में पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद बांटा

**नगरी।** ग्राम सांकरा के शंकर चौक में हिन्दू नववर्ष पर रुद्र परिवार शंकर चौक द्वारा श्री नागेश्वर महलिंगम मन्दिर में आरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। श्री राम सेना सांकरा के सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया। अमरनाथेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर राम भक्तों ने जयकारे के साथ 6 अप्रैल को प्रत्येक घर में दीप प्रज्ज्वलित कर श्री राम भगवान का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने की अपील की। मौके पर राम सेना संगठन समिति के अध्यक्ष प्रवीण साहू, भरत पटेल, यश साहू, डेविड साहू, लीलेश साहू, टेकांत सोनी, साहिल राजपूत, बिट्टू सोनी, विजय साहू, दयानंद साहू, पोखराज तारक समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नए सत्र के पहले दिन बच्चों का हुआ स्वागत

**कुरूद।** कुरूद के एक निजी स्कूल में मंगलवार को नए शिक्षण सत्र 2025-26 के पहले दिन नवप्रवेशी और पूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। प्रार्थना स्थल पर ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की पूजा आराधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

## निधन

### महेतरीन बाई नाग



**नगरी।** ग्राम पंचायत गोरेगांव के सरपंच कन्हैयालाल नाग की माता महेतरीन बाई नाग का 2 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सामतरा में किया गया। अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकजन उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

### कोसरिया मरार पटेल समाज बारना राज का वार्षिक अधिवेशन मेघा में हुआ

# शिक्षा, स्वरोजगार से ही समाज का विकास

## समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





कोसरिया मरार पटेल समाज बारनाराज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम मेघा में हुआ। अधिवेशन का शुभारंभ मां शाकंभरी व रामचन्द्र जी पूजा आराधना से किया गया।

सभापति रामचरण पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्यातिथि ईश्वर पटेल जिलाध्यक्ष रायपुर मरार समाज एवं अभनपुर राज थे। अध्यक्षता किशन पटेल अध्यक्ष बारना राज ने की। विशिष्ट अतिथि टीआर पटेल पूर्व प्रदेश सलाहकार मरार समाज छग, मिश्रीलाल पटेल जिलाध्यक्ष धमतरी मरार समाज, सुखउ पटेल सलाहकार बारना राज थे। इस अवसर पर ईश्वर पटेल ने कहा कि पटेल समाज मेहनतकश व आत्मनिर्भर समाज है। शिक्षा के साथ स्वरोजगार से ही समाज का विकास संभव है। किशन पटेल ने कहा कि आजकल अधिकांश युवा पीढ़ी नशे के शिकार हो रहे हैं। नशा से मुक्त होकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में अपनी भागीदारी निभाएं। टीआर पटेल ने कहा कि सामाजिक गतिविधियों को सुचारू रूप से सम्पन्न करने के लिए महिलाओं व युवाओं की सहभागिता जरूरी है।

इस दौरान नए राजपदाधिकारियों का चयन हुआ। अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, उपाध्यक्ष तुलसीराम पटेल, सचिव श्यामाचरण पटेल, कोषाध्यक्ष हरिलाल पटेल, अंकेक्षक नीरज पटेल, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल बनाए गए। तत्पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार व निराकरण कर कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी गई। मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल ने समाज के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पंच, सरपंच, उपसरपंच व समाज के वरिष्ठजनों को मां शाकम्भरी का छायाचित्र, प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

मौके पर युधिष्ठिर पटेल, अघनु पटेल, दाऊलाल पटेल, रामचन्द्र पटेल, मन्नू पटेल, मदन पटेल, अनिल कमलवंशी, राधेलाल पटेल, हीराराम पटेल, चंद्रहास, हिच्छा, दौलत , तोरण, ललित पटेल सहित बड़ी संख्या में बारनाराज और कुरूद तहसील के सामाजिकगण शामिल रहे।

## शीतला मंदिर प्रांगण में 75 मनोकामना दीप जले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

ग्राम सुपेला (भखारा) में ग्रामवासी व ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत के तत्वावधान में इस वर्ष भी मां भगवती शीतला मंदिर प्रांगण में ज्योति कलश स्थापना एवं ज्योत जंवारा का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा 75 मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं। ग्रामवासियों द्वारा पंचमी तिथि पर मां भगवती शीतला का विशेष श्रृंगार किया गया।

माता की सेवा में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मूलचंद साहू, उपाध्यक्ष विष्णु राम देवांगन, सचिव द्वारिकाराम प्रधान, कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह साहू, संरक्षक कृष्ण दयाल साहू, सोनऊराम देवांगन, उपसरपंच पूरनलाल साहू, गुहलेद राम साहू, बिसौहाराम निषाद, डोमनलाल साहू, गोवर्धन निषाद, संदीप कुमार साहू, घनश्याम साहू, विष्णुराम साहू जुटे हुए हैं। यह जानकारी पुजारी बुद्धदेव साहू ने दी है।

## डुमेश बने नपं कुरुद के नेता प्रतिपक्ष

■ वार्ड क्रमांक 02 से लगातार दो बार चुने गए हैं पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



नगर पंचायत कुरुद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निर्वाचन पश्चात नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति की जानी थी। विपक्ष की भूमिका कांग्रेसी पार्षदों में से किसी एक पार्षद को निभानी थी। यह जिम्मेदारी कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने युवाओं को आगे लाने के लिए, लगातार संगठन में रहकर सक्रिय भूमिका निभाने वाले ब्लॉक युवा कांग्रेस कुरूद के अध्यक्ष डुमेश साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 2 को दी है। बता दें कि डुमेश साहू का यह दूसरा कार्यकाल है। इस बार पूरे नगर में सबसे अधिक मतों से विजय होकर पुनः पार्षद चुन कर आए हैं जिसके कारण उन्हें यह जिम्मेदारी कांग्रेस हाई कमान ने सौंपी है। नेता प्रतिपक्ष डुमेश ने कहा कि मैं अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से और जनता की सेवा को सर्वोपरि रखकर करूंगा। मेरी पूरी कोशिश होगी कि जन भावनाओं के अनुरूप निर्मित नीतियों का समर्थन एवं भ्रष्टाचार और गलत नीतियों का पुरजोर विरोध करते हुए सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई पूरी दमदारी के साथ लड़ेंगे।

उन्होंने यह जिम्मेदारी दिए जाने पर छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला अध्यक्ष अध्यक्ष शरद लोहाना, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, उपाध्यक्ष भरत नहर, पूर्व विधायक लेखराम साहू के अलावा कांग्रेसी नेता तारिणी चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, तपन चंद्राकर, हेमंत साहू, रमेशर साहू, पार्षदगण मनीष साहू, मंजु प्रमोद साहू, उत्तम साहू, राखी चंद्राकर, रजत चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन सिंह ध्रुव समेत रामप्यारे साहू, योगेश साहू, टेमन साहू, तुकेश साहू, संतोष प्रजापति, लव चंद्राकर, राजू सिन्हा का आभार माना है।

## फेडरेशन ने सचिव संघ की हड़ताल को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

■ शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव हड़ताल पर



पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर विगत 17 मार्च से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इसी तारतम्य में ब्लॉक इकाई मगरलोड के पंचायत सचिव जनपद पंचायत मगरलोड के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी हड़ताल को समर्थन देने के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के ब्लॉक पदाधिकारी पहुंचे। ब्लॉक संयोजक दयाराम साहू ने पंचायत सचिवों को जब तक मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक हड़ताल में डटे रहने के लिए कहा। ब्लॉक प्रवक्ता डेवेश कुमार साहू ने पंचायत सचिवों का हौसला बुलंद करते हुए कहा कि आपकी जायज मांग के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन आपके साथ खड़ा है। शासन की हर महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन आपके माध्यम से होता है तब कहीं लोगों को इसका लाभ मिल पाता है। इसलिए शासन को चाहिए कि सचिवों की मांग को अतिशीघ्र पूरा करे।

मौके पर फेडरेशन के कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, संगठन मंत्री तामेश्वर ठाकुर, दिनेश गायकवाड़, प्रचार मंत्री बेदराम साहू, सह प्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर, पंचायत सचिव संघ ब्लॉक अध्यक्ष रवि कुमार साहू, सचिव चम्पेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष रमेश ध्रुव, होरीलाल साहू , डामिन दीवान, भुवन प्रकाश सिन्हा, लुमकरण साहू, गोविन्द साहू, छबिलाल साहू, हेमलाल यादव, ओमप्रकाश साहू, प्यारेलाल देशमुख, राधे ध्रुव, नंदकुमार कौशल, संतुराम साहू, दुखू राम साहू, प्रीतम ध्रुव, छबिलाल विनायक, किशन साहू, अरूण साहू, प्रमिला साहू, श्वेता साहू, घनश्याम साहू, कमलेश ध्रुव उपस्थित थे।

## मंत्री रामविचार से संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा

■ जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने अपनी धर्मपत्नी के साथ कृषि मंत्री से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती गुंजा ध्रुव के साथ कृषि विकास एवं कृषि कल्याण, आदिम जाति व अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री रामविचार नेताम से उनके आवासीय कार्यालय में भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मुलाकात के दौरान मंत्री श्री नेताम से संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। अजय ध्रुव ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों, किसानों और आदिवासी समाज की बेहतरी से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखे। वहीं मंत्री जी ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। मंत्री श्री नेताम ने गृहस्थ जीवन के साथ सामाजिक जीवन में राष्ट्रसेवा की महत्ता पर बल देते हुए अजय ध्रुव को अपने जनप्रतिनिधि दायित्वों का निष्ठा से निर्वहन करने का आशीर्वाद दिया। इस दौरान क्षेत्र के विकास एवं संगठन को मजबूत करने पर भी विशेष चर्चा हुई। श्री ध्रुव ने मंत्रीजी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे संगठन एवं समाज की सेवा में पूरी निष्ठा से समर्पित रहेंगे।

## मौरीकला के सरपंच एवं पंचों ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री



ग्राम पंचायत मौरीकला के सरपंच एवं पंचों ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मौरीकला के विद्यार्थियों को न्योता भोजन कराया। न्योता भोजन में बच्चों को खीर,पूड़ी, बड़ा,पापड़ एवं सलाद परोसा गया। न्योता भोज पाकर बच्चों के चेहरे खिले नजर आए। इस पहल के लिए शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्षों ने पंचायत पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

मौके पर सरपंच वीणा साहू, उपसरपंच तुलेंद्र साहू, पंचगण रोहित साहू, महेंद्र साहू, भागीरथी साहू, एस कुमार साहू, टेमिन साहू, निर्मला साहू, रामेश्वरी नागरची, रूपेश्वरी साहू, रोशनी साहू, चंद्रकला साहू, दुलारी बाई साहू सहित शिक्षकगण व स्टाफ उपस्थित थे।

## ब्लॉक के सचिव 17 दिन से हड़ताल पर

■ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का नहीं हो रहा क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी ब्लाक के सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर रावणभाटा मैदान नगरी में धरने पर बैठे हैं। बुधवार को हड़ताल को और उग्र रूप देते हुए अंतिम लड़ाई लड़ने का प्रण लिया। पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से पंचायत का कामकाज ठप पड़ा हुआ है। शासन की जनकल्याणकारी योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। पेंशन राशि, आवास योजना, राशन कार्ड , जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन का काम रूक गया है जिससे आम जनताको परेशानी हो रही है।

धरना पर अध्यक्ष अनित कुमार ध्रुव, सचिव रैनकुमार नेताम, उपाध्यक्ष खूबचंद ध्रुव, लक्ष्मी साहू, कोषाध्यक्ष पीलाराम सेन, सहसचिव सुखदेव भारती, भूपेंद्र कुमार साहू, संरक्षक मदन सेन, आसत समरथ, बुधराम नेताम, भीखराय, कुलदीप, बुधराम, गैंदलाल साहू, थानसिंह देवांगन, रामकुमार एल्मा, सुरेश कुमार, हुलेश प्रजापति, भरोस कुमार साहू, प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, भोलाराम साहू, लक्ष्मी साहू, देवसिंह सोरी, धनुष नेताम, बलराम नेताम, प्रमोद कुमार महिलांगे, खिलानंद नवरंग, यशोदा कोर्राम, शंकर ध्रुव समेत ब्लाक के सचिव उपस्थित थे।

## बिरेझर में हुआ सम्मान समारोह व वार्षिक सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

परिक्षेत्र साहू समाज दरबा व ग्रामीण साहू समाज बिरेझर के संयुक्त तत्वावधान में साहू समाज का सम्मान समारोह व वार्षिक सम्मेलन का आयोजन साहू समाज परिक्षेत्र भवन बिरेझर में किया गया। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया। माता कर्मा की आरती की गई।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि अवनेंद्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी थे। अध्यक्षता राधेश्याम साहू तहसील साहू समाज अध्यक्ष ने की।

ज्ञात हो कि दरबा परिक्षेत्र साहू समाज के अंदर 17 गांव आते हैं जिसमें 11 सरपंच, 3 जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए हैं। सभी का समाज की ओर से सम्मान किया गया।

मंच पर जिला उपाध्यक्ष तोरण लाल साहू, छत्तीसगढ़ साहू संघ उपाध्यक्ष मालक राम साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती केतती साहू, राजिम भक्तिन माता समिति अध्यक्ष लाला राम साहू, उपाध्यक्ष श्री डॉ राधेश्याम साहू, श्रीमती शारदा साहू पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमन साहू, ललित चौधरी थे। अतिथियों ने समाज की मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष कमलेश कुमार साहू, संरक्षक विश्वनाथ साहू, संत राम साहू द्वारा किया गया।

मौके पर युवा साहू समाज अध्यक्ष गुलशन साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती चित्रेखा साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

### गणेशपुर में मानसगान एवं जस झांकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

# पुरूष वर्ग में चिरपोटी व महिला वर्ग में तुलसी के पूजा बालिका परिवार अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव





बाल समाज रामलीला मंडली, हरि ओम ज्योति मानस मंडली, हरिओम तत्सम बालक मानस मंडली, जय मां विंध्यवासिनी सेवा मंडली, अंजलि समूह, बोल बम सेवा समिति, महिला समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से गणेशपुर में मानसगान एवं जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानसगान प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में प्रथम जय मां खल्लारी मानस परिवार चिरपोटी भखारा, द्वितीय श्री त्रिलोक मानस परिवार बोरिद गरियाबंद, तृतीय जय मां अंबे मानस परिवार रायतुम महासमुंद, चतुर्थ श्री राम मानस परिवार आश्रम पतोरीपाली महासमुंद, पंचम सुर सिंगार मानस परिवार गातापार अभनपुर विजयी रही। महिला वर्ग में प्रथम तुलसी के पूजा बालिका परिवार, द्वितीय पुष्पांजलि महिला मानस परिवार दर्री कुरूद, तृतीय वंदना बालिका मानस मंडली बालोद, चतुर्थ तारिणी मानस परिवार कुर्रा, पंचम जय कृपा निधान महिला मानस मंडली मोहंदी रही।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी थे। अध्यक्षता थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच गोजी ने की। विशेष अतिथि देवानंद ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, कल्याण यादव ग्रामीण सचिव, लीलाराम साहू ग्रामीण उपाध्यक्ष, डॉ ललित निषाद, नंदकुमार निषाद, सीपी मिश्रा, सदाराम साहू, गौकरण साहू, शालिकराम, भूपेंद्र साहू, जगन्नाथ ध्रुव, अनिल सोनी, बुधराम साहू, सुरजे साहू, शिवकुमार ध्रुव, विष्णु साहू, भान सिंह यादव, गणपत बघेल हरिराम, गेंदुराम नेताम थे। इस अवसर पर थानेश्वर तारक पूर्व सरपंच गोजी ने कहा कि रामायण से जीवन जीने की कला सीखी जा सकती है। मुख्यातिथि गौकरण साहू ने कहा कि रावण के 10 शीश नहीं थे बल्कि 10 प्रकार की कुरीतियां भरी हुई थीं। इनके कारण वे रावण कहलाए। सत्संग का लाभ केवल मनुष्य तन में ही संभव है। रामायण हमें बताती है कि पुत्र को पिता के प्रति किस प्रकार आज्ञाकारी होनी चाहिए।

आयोजन में समिति अध्यक्ष ललित कुमार निषाद, उपाध्यक्ष लीलाराम साहू, कोषाध्यक्ष गौकरण साहू, कोषाध्यक्ष भावसिंग यादव, सचिव विष्णु राम साहू, सहसचिव बुधराम साहू, संगठन मंत्री जीवनलाल साहू, सहसंगठन मंत्री जगन्नाथ ध्रुव, महामंत्री जवाहर वर्मा सहित आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

## आज रामपुर में वार्षिक सम्मेलन व सम्मान समारोह

**कुरुद।** परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी (पचपेड़ी) के तत्वावधान में आज ग्राम रामपुर में हिन्दू नववर्ष वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे कुलदेवी संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना व गांव में कलश शोभायात्रा निकालकर की जायेगी। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष गिरधारी साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी। वार्षिक लेखा-जोखा का वाचन, अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज के गौरव का सम्मान किया जायेगा। इस बीच मातृशक्तियों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। प्रथम सोपान के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लेखराम साहू होंगे। विशिष्ट अतिथि गणेशराम साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू संघ, गीतेश्वरी हेमंत साहू जनपद अध्यक्ष कुरुद, सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरुद, डिगेश्वरी देवांगन जनपद सदस्य, ऋषि साहू सरपंच, नेहरू निषाद, पुरुषोत्तम निषाद होंगे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष साहू संघ धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष द्वय तोरण साहू एवं केकती साहू, तहसील अध्यक्ष भखारा कामता साहू, उपाध्यक्ष द्वय मीलू राम साहू, दमयंती साहू होंगे।

## ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**धमतरी।** काम करके रात्रि में अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम कनेरी निवासी सुनील कुमार साहू पिता केदार उम्र 26 वर्ष गुरूर स्थित गुरूनानक ऑटो पार्ट्स व शोरूम में वाहन चलाने का काम करता था। युवक मंगलवार को काम पर गया था। शोरूम बंद होने के बाद रात्रि 10 बजे बाइक क्रमांक सीजी 24 एफ 6852 से वापस अपने घर ग्राम कनेरी लौट रहा था। इसी दौरान कुलिया चौक पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 33 ई 8938 के चालक बाइक सवार को एक्सीडेंट कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये गुरूर अस्पताल पहुंचाया गया। रिफर करने पर घायल को जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।



- कुलिया पुल के पास हुई घटना

## विधायक ने चना खरीदी केंद्र तरसींवा का किया निरीक्षण

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने तरसीवा सोसाइटी चना खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं नमी की जांच, बारदाने की उपलब्धता, बरदाने का वजन, चने का प्रति कट्टा तौल, समर्थन मूल्य का भुगतान, टोकन वितरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेते हुए किसानों को पर्याप्त सुविधाएं मुहैया करवाने समिति प्रबंधक को निर्देश दिए। किसानों ने विधायक को बताया कि चना खरीदी के लिए टोकन प्रदान करने के लिये चाय - पानी के नाम से पैसा लिया जा रहा है। 1-2 किलो चना किसानों से सैपल के लिये लिया जाता है। उसे धान खरीदी के पश्चात किसानों को वापस नहीं किया जाता है। इस पर विधायक ने विभागीय अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मौके पूर्व जिला अध्यक्ष गुरुगोपाल गोस्वामी, पूर्व जनपद सदस्य मानिक साहू, सोसाइटी अध्यक्ष केशव साहू, प्रबंधक केदार साहू, लालचद साहू, ऋषभ ठाकुर पार्षद, सियाराम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, टोमन साहू, गेंदलाल पटेल समेत बड़ी संख्या किसान उपस्थित थे।

### नगरी जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

# पीएम आवास सर्वे की धीमी गति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभिन्न विभागों की जिले में संचालित शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए सर्वे का काम तेजी से पूरा करने को कहा। कलेक्टर ने आवास सर्वे में धीमी गति पर नगरी जनपद पंचायत के सीईओ के प्रति नाराजगी जताई और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखण्डों में बन चुके मकानों के फोटो ऑनाईन पोर्टल पर अपलोड करने को कहा। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि आवास योजना के निर्माणाधीन मकानों का काम जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एडीएम श्रीमती रीता यादव सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने हाल ही में राज्य शासन द्वारा स्वीकृत नई आंगनबाड़ियों के लिए भवन निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार करने को कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को गरम भोजन देने और जरूरत अनुसार ही पूरक पोषण आहार भण्डारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों के पात्रता अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनाने के काम में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शामिल गांवों में वर्तमान में उपलब्ध सुविधाओं- सड़क, बिजली, पानी, आवास आदि का आधारभूत सर्वे जल्द से जल्द खत्म करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नोडल जिला अधिकारियों को आश्रम-छात्रावासों का प्रतिमाह निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मौसम आधारित बीमारियों जैसे- डायरिया, पीलिया, टायफाईड आदि से निपटने और उनके रोकथाम के सभी संभव उपाय सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने पिछले तीन सालों में इन रोगों से लगातार प्रभावित होने वाले गांवों में पीने के पानी की जांच करने, पानी की टंकियों की सफाई करने और लोगों में जनजागरूकता बढ़ाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी पात्र किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए ब्लॉक स्तरीय शिविर लगाने को भी कहा।

# घरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों में बांटे जा रहे 2800 डस्टबिन

- नपं अध्यक्ष ज्योति के नेतृत्व में 10-10 लीटर के डस्टबिन का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर पंचायत कुरुद अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर ने नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को गति देने एवं नगर पंचायत क्षेत्र को साफ-सुथरा व स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से अपने सहयोगी टीम के साथ घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक स्थलों में गीला एवं सूखा कचरा रखने अलग-अलग 10-10 लीटर का डस्टबिन का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर की आराध्य देवी मां चंडी की पूजा-अर्चना कर की गई। जिसमें भाजपा-कांग्रेस के साथ नगर के प्रबुद्धजन शामिल हुए। नगर अध्यक्ष ज्योति ने कहा कि आप लोगों के सहयोग के बिना नगर पंचायत को स्वच्छ व सुंदर नहीं बनाया जा सकता है। अपने-अपने घर के कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखें। बीच सड़क पर व घर के बाहर न फेंके। उन्होंने बताया कि फिलहाल नगर पंचायत के 15 वार्डों के लिए 2800 नग डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। सफाई कर्मियों द्वारा प्रतिदिन सभी घरों से गीले एवं सूखे कचरे का उठाव किया जाएगा। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, वरिष्ठ पार्षदगण मंजु साहू, रजत चन्द्राकर, मनीष साहू, उर्वशी चंद्राकर, मिथलेश बैस, उत्तम साहू, महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, राजकुमारी ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, मालकराम साहू, प्रभात बैस, भारत भूषण पंचायन, त्रिलोकचंद जैन, खिलेंद्र चंद्राकर, अनूप यादव, सुनील चन्द्राकर, योगेन्द्र सिन्हा, रवि चन्द्राकर, खिलेन्द्र देवांगन, कमल शर्मा, कांग्रेसीजन रमेश्वर साहू, राघवेंद्र सोनी के अलावा महिला कमांडो की सदस्य एवं नगरवासी तथा नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जेल के बंदियों ने सीखा मशरूम उत्पादन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जेल के बंदी अब छूटकर मशरूम उत्पादन का अपना नया व्यवसाय शुरू कर पाएंगे। जिला जेल में दो पालियों में 55 बंदियों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। बंदियों ने मशरूम उत्पादन करके भी दिखाया। महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं छग रायपुर की पहल पर प्रभारी जेल अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिला जेल धमतरी में मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत श्री नव सृजन वेलफेयर फाउंडेशन रायपुर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में 55 बंदियों को दिया गया। पहली पाली में 30 और दूसरी पाली में 25 बंदियों को मशरूम उत्पादन की पूरी तकनीक बताई गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि जेल से रिहा होने के बाद वे खुद का रोजगार प्रारंभ कर सकें।

## तेंदूभाठा में 116 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम तेंदूभाठा में नीरा बाई भक्तिन के निवास में मां दुर्गा व मां काली का मंदिर है। चैत्र नवरात्रि में घी की 17 और तेल की 99 ज्योति सहित कुल 116 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। माता की भक्ति में श्रद्धालु लीन हैं।

### पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत जांच हेतु कांग्रेस कमेटी ने पांच सदस्यीय टीम गठित की

**धमतरी।** राजनांदगांव जिले के ग्राम भंवरमरा निवासी दुर्गेश कठोलिया की पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत को गंभीरता से लेते हुए छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद के संयोजकत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है जिनमें कुंवर सिंह निषाद विधायक गुण्डरदेही, श्रीमती संगीता सिन्हा विधायक बालोद, श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, ओंकार साहू विधायक, शरद लोहाना जिला कांग्रेस अध्यक्ष शामिल हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच समिति के सदस्यों से आग्रह है कि अविलंब प्रभावित ग्राम का दौरा कर पीड़िता सहित परिजन व ग्रामवासियों तथा पुलिस प्रशासन से चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करें।

## मां कालिका मंदिर में आस्था के ज्योत जले



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रूद्री रोड स्थित बालाजी कॉलोनी का मां कालिका मंदिर चैत्र नवरात्रि पर झालरों और लाइट से जगमगा रहा है। मंदिर में 114 घी और तेल के ज्योत जलाए गए हैं। पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया। पंचमी पर संध्या 5 बजे माताजी का पूजन कर माता को सोलह श्रृंगार, 7 बजे 56 भोग, 7:30 बजे महाआरती की गई। इसके बाद भक्तों में 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया। 8 बजे से



नवीन भजन मंडली द्वारा जगराता का कार्यक्रम रखा गया।

## जैविक खेती का प्रशिक्षण लेकर दिल्ली से लौटे क्षेत्र के किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जैविक खेती को पुनः आगे बढ़ाने के लिए पूरे देश के किसानों को दिल्ली के राष्ट्रीय सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली में प्रशिक्षण दिया गया। धमतरी जिले से 9 किसान जैविक प्रशिक्षण में शामिल होने ट्रेन से रवाना हुए थे। तीन दिवसीय जैविक प्रशिक्षण प्राप्त कर जैविक खेती का अवलोकन किया। किसानों ने हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, मसूरी का भ्रमण करते हुए दिल्ली से रायपुर छत्तीसगढ़ प्लेन से वापस लौटे। धमतरी से नरेंद्र कुमार साहू छाती, भेषजलाल साहू, उषा चंद्राकर देवरी, स्वर्णप्रभा खापर्डे झिरिया, मधु साहू छाती, योगेंद्र वर्मा छाती, संतोषी चंद्राकर छाती , देवश्री साहू, सरस्वती वर्मा किसान शामिल हुए थे । किसान नरेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण में प्रमुखता से आवाज उठाई कि जैविक खेती को आगे बढ़ाने के लिए सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य से दोगुनी दर पर खरीदी की जाए एवं पैक्स सहित प्राईवेट लिमिटेड में लिमिट मात्रा में खाद, बीज, दवाई निर्धारित कर वितरण किया जाए। जैविक खेती करने वालों को अलग से प्रोत्साहन राशि दी जाए। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# पोषण पुनर्वास केंद्र में कमजोर एवं कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से भर्ती कराएं

- कलेक्टर ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा की, दिये जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कुरूद अनुभाग के नगर पंचायत कुरूद और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का धुआंधार दौरा किया। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की जमीनी हकीकत की जानकारी ली। कलेक्टर ने कुरूद जनपद पंचायत कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम नभसिंह कोसले सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ और अन्य विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल समस्या के निराकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने पानी की कमी वाले स्थानों की पहचान कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जारी हितग्राहियों के सर्वे को 15 अप्रैल तक पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने क्षेत्र में आजीविका मिशन के तहत स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे रोजगारमूलक कामों की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने आगामी राजस्व पखवाड़े में सभी विभागों के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने और अधिक से अधिक हितग्राहियों का चयन करने के लिए राजस्व विभाग के साथ मिलकर शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इन शिविरों में किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, आयुष्मान कार्ड बनाने, श्रमिक कार्ड बनाने, छूट गए लोगों के आधार कार्ड पंजीयन करने, आधार सीडिंग करने, किसान पंजीयन करने के साथ-साथ शासकीय योजनाओं के लिए हितग्राही चयन करने के भी निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने फूड इंस्पेक्टर से क्षेत्र में संचालित राशन दुकानों की जानकारी ली। उन्होंने सभी राशन कार्डधारकों का ई-केवायसी कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहकारिता निरीक्षक से जिले में हो रही चना खरीदी के बारे में पूछा। उन्होंने चना बेचने वाले किसानों को किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से बच्चों के पोषण स्तर की जानकारी ली और निर्देशित किया कि पोषण पुनर्वास केन्द्र में कमजोर एवं कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से भर्ती करायें तथा निर्धारित समय तक उसकी प्रतिदिन देखभाल करायें।

## जिले में चल रही अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की मांग



- हिन्दू जागरण मंच ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हिन्दू जागरण मंच ने जिलाधीश अबिनाश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्णेय से मुलाकात की। प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने अधिकारियों से चर्चा में कहा कि हिन्दू जागरण मंच लगातार शांति व्यवस्था के लिए शासन- प्रशासन को सहयोग कर रहा है। मंच अलग-अलग समाजों की बैठकें लेकर उनको जागृत कर रहा है। उनका उद्देश्य समाज को जगाना ही है।

हिन्दू जागरण मंच की कार्यकारिणी ने नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मानने में सहयोग करने, जिले में अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस प्रशासन से आग्रह किया। जिले के चारों खंडों में चल रहे विभिन्न असामाजिक गतिविधियों पर ध्यान आकृष्ट कराया। मौके पर जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, जिला सहसंयोजक ढाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, जिला प्रचार आयाम सत्यम सिन्हा शामिल थे।

## महापौर ने ई-रिक्शा कचरा वाहनों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। महापौर रामू रोहरा, आयुक्त प्रिया गोयल, सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्यों और पार्षदों की उपस्थिति में 20 नए ई-रिक्शा कचरा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नवरात्रि की पंचमी तिथि को इन ई-रिक्शा वाहनों की पूजा-अर्चना की गई। महापौर रामू रोहरा ने वाहनों को स्वच्छता अभियान के लिए समर्पित किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं एक ई-रिक्शा चलाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वच्छ और हरित शहर बनाना है। नगर निगम निरंतर इस दिशा में कार्य कर रहा है। इन ई-रिक्शा वाहनों के शामिल होने से सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

नगर आयुक्त प्रिया गोयल ने बताया कि इन 20 नए ई-रिक्शा वाहनों से सफाई कार्य की गति में वृद्धि होगी और अधिक से अधिक क्षेत्रों में नियमित कचरा उठाव संभव होगा। ई-रिक्शा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते और कार्य को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं। सभापति कौशल्या देवांगन ने कहा कि नगर निगम निरंतर स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए नई योजनाएं लागू कर रहा है। इन ई-रिक्शा वाहनों के आने से कचरा प्रबंधन और निस्तारण में अत्यधिक सुधार होगा, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सदस्य नीलेश लूनिया ने बताया कि ई-रिक्शा कचरा वाहन बैटरी से संचालित होते हैं, जिससे ये पारंपरिक कचरा वाहनों की तुलना में अधिक किफायती और प्रदूषण मुक्त हैं। इनके माध्यम से न केवल सफाई कार्य में तेजी आएगी बल्कि ईंधन की बचत और ध्वनि प्रदूषण में भी कमी आएगी। मौके पर एमआईसी सदस्य विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, श्यामलाल नेताम, युगलकिशोर यादव, हेमंत बंजारे, कोमल सार्वा, संतोष सोनकर, संजय देवांगन, गजेंद्र कंवर, चंद्रभागा साहू, मेघराज ठाकुर, कुलेश सोनी, वरिष्ठ नागरिक धनीराम सोनकर, इकबाल खोखर, सीमा चौबे, मिशन मैनेजर शशांक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी उपस्थित थीं।

## निगम ने नहर नाका चौक से अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नहर नाका चौक के पास कबाड़ का व्यवसाय कर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को नगर निगम की टीम ने सख्ती से हटाया। अतिक्रमण के कारण सड़कें संकरी हो गई थीं और वाहनों व पैदल चलने वालों को काफी परेशानी हो रही थी। निगम आयुक्त प्रिया गोयल व उपायुक्त पीसी सार्वा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। अतिक्रमण करने वाले को पहले नोटिस दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में उसने अतिक्रमण नहीं हटाया। उसके बाद निगम ने कार्रवाई की।

## सहकारी समिति प्रबंधक को दी गई विदाई

**अंवरी।** सहकारी समिति मर्यादित 227 के प्रबंधक हनुमान सिन्हा विगत 39 वर्षों से अंवरी सोसाइटी में सेवा दे रहे थे। आज 62 वर्ष पूर्ण होने के बाद उन्हें विदाई दी गई। समिति प्रबंधक को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष कामताप्रसाद साहू, सरपंच हितेंद्रनाथ मंडल, सुनील गायकवाड़, आनंद यदु, सुरेंद्र निर्मलकर, सेवकराम तारक, परस निर्मलकर, लेखराम साहू, श्यामलाल साहू समेत बड़ी संख्या में कृषक एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नवोदय में सृष्टि का चयन



**मगरलोड।** कुमारी सृष्टि साहू पिता सोमप्रकाश ग्राम बेलौदी का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर उनके परिजनों, स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

### हनुमान मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा 3 अप्रैल से

- नक्सली हमले में शहीद छग के जवानों की स्मृति में कथा आयोजित



**धमतरी।** स्थानीय पुरानी पुलिस लाइन तहसील ऑफिस के पीछे स्थापित अतिप्राचीन हनुमान मंदिर बनियापारा में हनुमान गुड़ी सेवा समिति द्वारा बीते लगभग 9-10 वर्षों से प्रतिवर्ष हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष 3 अप्रैल से 11 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित है। पण्डित युवराज शिवकुमार वत्स द्वारा दोपहर 3 बजे से कथा सुनाई जायेगी। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव, महाआरती, हनुमान चालीसा पाठ एवं प्रसादी वितरण होगा। समिति के अध्यक्ष योगेश सोनी एवं महासचिव पीयूष पाण्डेय ने बताया कि पूर्व में यहां पुराना पुलिस लाइन हुआ करता था जहां पुलिस परिवार द्वारा मंदिर की देखरेख एवं व्यवस्था की जाती थी किन्तु कॉलोनी हटने के बाद समिति द्वारा मंदिर का संचालन विधिविधान से किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रम के माध्यम से सनातन धर्म के प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है। साथ ही नक्सली हमले में शहीद छत्तीसगढ़ के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने कथा स्थल में उनकी फोटो स्थापित की जायेगी ।

### बटंची चाकू लहराते युवक गिरफ्तार



**धमतरी।** आम जगह पर धारदार बटंची चाकू लहरा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सुंदरगंज वार्ड स्थित स्थानक भवन के पास एक युवक द्वारा धारदार बटंची चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना मिली। कोतवाली पेट्रोलिंग तत्काल सुंदरगंज वार्ड पहुंची। यहां एक युवक हाथ में बटंची चाकू लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ उसके कब्जे से धारदार बटंची चाकू जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जसप्रीत सिंग हीरा पिता जसविंदर सिंग उम्र 27 वर्ष निवासी सुंदरगंज वार्ड बताया। पुलिस ने आरोपी जसप्रीत सिंग को आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

कृदत्त कॉलोनी गोकुलपुर के बोर से रोज 10 टैंकर पानी निकाले जा रहे

# गर्मी की शुरूआत में ही बोर सूखने लगे

**अत्यधिक पानी निकासी से कॉलोनी का वॉटर लेवल डाऊन हो रहा**

- कॉलोनीवासियों ने टैंकर से पानी निकासी को रोकने की मांग की

उमेश सिंह बशिष्ट ⏭ धमतरी







गोकुलपुर वार्ड में ग्रीष्मकाल के अप्रैल माह में वॉटर लेवल डाऊन होने लगा है। वार्ड की कृदत्त कॉलोनी में जिनके घरों में बोर है, वह भी वॉटर लेवल डाऊन होने से सूखने लगे हैं। जबकि यह अप्रैल माह की शुरूआत है। आगे मई और जून में क्या होगा पता नहीं।

कृदत्त कॉलोनी गोकुलपुर वार्ड के लोग गर्मी की शुरूआत में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कॉलोनी के हर दूसरे घर में बोर सूख चुके हैं। हालत यह है कि अभी से 4 से 5 घरों के बोर बंद हो गए हैं। उनके यहां मटमैला पानी आना शुरू हो गया है। किसी के यहां पानी आना ही बंद हो गया है। मजबूरन उनको नया बोर करवाना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले ही कॉलोनी के कैलाश राव गायकवाड़, राजेश गुप्ता और डॉ. भूपेन्द्र साहू के घर पर नया बोर करवाना पड़ा। डॉ. साहू ने बताया कि उनके यहां पुराना 60 फीट का डग बोर था। इस बार वह फेल हो गया है। तीन दिन पहले ही उन्होंने 190 फीट का कम्प्रेशर बोर करवाया है। नया बोर होने से भरपूर पानी आ रहा है। इसी तरह पॉलीटेक्निक कालेज के रिटायर्ड प्रोफेसर रामकृष्ण साहू के यहां कुछ दिनों से बोर से गंदा पानी आ रहा है। इसी देखते हुए बुधवार को ही उन्होंने दोपहर 3 बजे से नया बोर करवाना शुरू किया है जो देर रात 10 बजे से पूरा हो जायेगा। आरके साहू ने बताया कि वे निगम का टेप नल कनेक्शन करवाना चाह रहे थे पर कॉलोनी के अन्य सदस्य बीके वाही के घर की समस्या सुनकर अपना मन बदल लिया। श्री वाही के घर में टेप कनेक्शन से पानी नल तक नहीं पहुंच पा रहा है। इससे वे भी परेशान हैं। कॉलोनी की 75 वर्षीय राधिका देवी ने बताया कि आज से 30 साल पहले जब उन्होंने अपना घर बनाया था तब हाथ बोर करवाया था। उस समय सिर्फ 15 फीट में पानी आ गया था। उसी हेंडपंप से उन्होंने अपना घर बनवाया था। उसके 5 साल बार वह हाथ बोर फेल हो गया। फिर 60 फीट का फिर बोर करवाया। वह बोर भी 3 साल में भी खत्म हो गया। गर्मी में सूखा रहता है। बरसात आने पर उसी हेंडपंप में पानी आने लगता है जिससे दो-चार बाल्टी पानी मिल जाता है। इसी तरह कालोनी के पीछे स्थित स्व. डॉ. योगी के यहां भी बुधवार को वाटर लेवल डाउन होने पर बोर खोलने का काम चल रहा था।

#### वॉटर लेवल कम होने का मुख्य कारण

कॉलोनी निवासी रामभवन कुशवाहा, राकेश जाधव, गोपालराव रणसिंह, टेकराम मढरिया, उमेश कुमार सिंह, जनकराम साहू, पन्ना सोनकर, सतीश कश्यप, कैलाश राव गायकवाड़, राजेश गुप्ता ने बताया कि उनके घरों में पीने के पानी की समस्या आ रही है। सभी घरों के बोर में पानी का लेवल डाऊन हो गया है। इन सभी का मानना है कि उनकी कॉलोनी में निगम द्वारा बोर करवाया गया है जिससे सभी घरों में पानी की सप्लाई टेप नल कनेक्शन के माध्यम से की जाती है। इसी सरकारी बोर से नगर निगम द्वारा 10 टेंकर रोजाना पानी अन्य वार्डों में सप्लाई की जाती है। इससे सुबह टेप नल कनेक्शन से कॉलोनी के टेल एरिया के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जब बोर से टेंकर भरना बंद होता है तभी सभी घरों में पानी जाता है। कॉलोनीवासियों ने एक स्वर में मांग की है कि कॉलोनी में जिस बोर से पानी सप्लाई की जाती है , उस बोर से तत्काल पानी टेंकर भरना बंद किया जाए। रोजाना 10 टेंकर पानी बाहर जाने से लगभग 40000 लीटर पानी उनके वॉटर सोर्स से बोर से कम हो रहा है। इसी मूल कारण को उनके घरों का वॉटर लेवल तेजी से कम रहा है।

#### समस्या का निदान



कॉलोनीवासियों ने नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से कॉलोनी के बोर से निगम द्वारा पानी टेंकर की भराई बंद की जाए। वे इसके लिए बकायदा निगम आयुक्त को आवेदन देने जा रहे हैं। साथ ही समस्या का दूरगामी निदान यह भी हो सकता है कि सभी घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाए। कॉलोनी के अधिकतर घरों में 20-25 साल से यह सिस्टम लगा हुआ है। इसके बाद भी यह समस्या आन पड़ी है। इस पर उनका कहना है कि कॉलोनी के खाली प्लॉट पर निगम द्वारा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग करने के लिए सिस्टम तैयार किया जाए। वहां पर बोर करवाकर बरसाती पानी को नीचे के जल स्त्रोतों तक पहुंचाकर स्टोर किया जाए ताकि बरसाती पानी नालियों में व्यर्थ बहकर बाहर न जाए।

## राज्य के बाहर के कॉलेजों में पढ़ने वाले जिले के विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

- ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी, अब 15 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राज्य से बाहर के शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और आईटीआई में पढ़ने वाले जिले के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों को भी राज्य शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके लिए अब विद्यार्थी 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई वेबसाईट पोस्टमेट्रिक-स्कालरशिप डाट सीजी डाट नीक डाट इन/ पर की जा रही है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राज्य के बाहर पढ़ने वाले धमतरी जिले के विद्यार्थियों के पालकों से भी इस ओर ध्यान देने अपील की है। उन्होंने ऐसे सभी विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए जरूरी दस्तावेजों की जानकारी सहित पोर्टल की जानकारी अपने अध्ययनरत बच्चों को देने को भी कहा है, ताकि वे निर्धारित समय अवधि में छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकें। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के लिए (नवीन/नवीनीकरण) 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 3 अप्रैल से 21 अप्रैल तक और सेंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 3 अप्रैल से 21 अप्रैल तक तिथि निर्धारित की गई है।

## विश्वकर्मा समाज का अधिवेशन गढ़डोंगरी में हुआ

**नगरी।** ग्राम गढ़डोंगरी में जिला विश्वकर्मा समाज द्वारा एक दिवसीय जिला अधिवेशन का कार्यक्रम रखा गया। भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष मनाराम विश्वकर्मा ने की। अन्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, मनोहरदास मानिकपुरी, रवि दुबे, राकेश चौबे, रामचरण विश्वकर्मा, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, लालेश्वरी विश्वकर्मा, रामबती विश्वकर्मा, यशोदा विश्वकर्मा थे।

## ज्योति कलश का दर्शन करने उमड़ रहा जनसैलाब

- गुरुदेव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने गायत्री परिवार ने निकाली ज्योति कलश रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



माताजी जन्म शताब्दी समारोह 2026 के उपलक्ष्य में गुरुदेव के संदेश के प्रचार-प्रसार हेतु निकाली गई ज्योति कलश रथयात्रा धमतरी जिले में पहुंची। उनके स्वागत दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि कुरुद ब्लाक के ग्राम कठौली के लगभग 500 से अधिक ग्रामवासियों ने शंख ध्वनि कर स्वागत किया। पुरोहित ओमप्रकाश गुरुदेव के संदेश के साथ यात्रा अपने अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई। प्रथम चरण में ग्राम कठौली में 500 ग्रामवासियों ने, ग्राम संकरी में 100, चिंवरी में 400, सिर्री में 50, करगा में 100, ढेंठा में 50, कोंडापार 40, गणेशपुर में 200, बिरेझर 51 और जीजाम गांव में लगभग 100 लोगों ने दर्शन लाभ लिया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य नारी जागरण संदेश, साहित्य वितरण, दीप यज्ञ, नशा मुक्त गांव बनाने संकल्प, देव स्थापना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप नाग जिला समन्वयक धमतरी, बंशीलाल यदु ब्लाक समन्वयक कुरुद, साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी, ओमप्रकाश साहू, राजकुमार साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, शांतिलाल साहू, सूरज लांबा, टेकराम साहू, रुक्मिणी साहू, संतोष साहू, हेमंत यादव, विष्णु हिरवानी, तातूराम धीवर, गोवर्धन, रुक्मिणि बंसोड़, रेखा कमलवंशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## अग्रवाल समाज में रही गणगौर पूजा की धूम



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अग्रसेन भवन में गणगौर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी महिला पदाधिकारी व अग्रवाल महिला मंडल ने उत्सव का आनंद लिया। मंडल की सचिव अनीता मदन गोयल ने बताया कि अग्रवाल समाज द्वारा गणगौर की पूजा श्रद्धा एवं भक्ति के साथ की जा रही है। होलिका दहन के दूसरे दिन से समाज की नवविवाहित महिलाओं व कन्याओं के साथ पूजा की जाती है। यह पूजा नवरात्रि के तीसरे दिन तक जारी रहती है। चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन यह पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। धमतरी में भी यह पर्व मनाया गया। उन्होंने बताया कि यह राजस्थान का सबसे बड़ा पर्व है। होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होने वाले पर्व की पूजा होलिका दहन में चढ़ाए गए बटकुले से की जाती है। पर्व के तहत शीतला अष्टमी से गणगौर को विराजमान कर शोभा यात्रा के रूप में बिंदोला निकाला गया। गणगौर के गीत व डांस प्रतियोगिता कराई गई।

मौके पर अग्रवाल समाज की अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, सचिव अनीता मदन गोयल, कुसुम अग्रवल, रिंका गिनोरिया, मीना अग्रवाल, स्वर्णलता गोयल, गीता अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, जागृति गोयल, ममता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, अलका अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, भावना अग्रवाल, राधा अग्रवाल मौजूद रहीं।

## शिक्षक प्रीतम को मिला समाज गौरव सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छात्र व शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकलित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच) द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन 31 मार्च को वृंदावन हॉल सिविल लाइन रायपुर में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीलम चौबे महापौर रायपुर थीं। विशिष्ट अतिथि विजय कुमार खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर, निधि चंद्राकर उड़ान नई दिशा संस्था अध्यक्ष व संस्थापक, जागेश्वरी मढरिया मेश्राम छग फिल्म अभिनेत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद, भिलाई में पदस्थ शिक्षक प्रीतम कुमार साहू को शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ शिक्षा में नवाचार, कला, संस्कृति, साहित्य लेखन, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा तथा समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए लिए समाज गौरव सम्मान से नवाज़ा गया। प्रीतम कुमार साहू मूलतः धमतरी जिले के ग्राम लिमतरा निवासी हैं जो शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद भिलाई जिला दुर्ग में शिक्षक हैं। उनकी इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक वीरेन्द्र रकुमार पारकर, शिक्षकगण अन्नपूर्णा शुक्ला, निर्मला वर्मा, रितु वर्मा, तिरनाथ यादव, सुरेंद्र साहू, कमलेश ठाकुर, भारती गुप्ता, निर्मल साहू, नेकराम साहू, लेखराम साहू, सुदामा साहू, रामावतार, यशोदा, पायल, तोषणी, खेमलता, सरिता, लुमेश, रानी व कुशांक साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पहंदा में जातरा मेला महोत्सव 9 अप्रैल से

- गांव में चार दिन तक कामकाज बंद रहेगा, जंगल से लकड़ी काटना, लकड़ी लाने की मनाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





देवग्राम पहंदा में जातरा मेला का आयोजन 9 से 12 अप्रैल तक किया गया है। प्रथम दिन 9 अप्रैल को राजा बाबा, दूसरे दिन 10 को मां पवईरानी व कुंवरदाई, तीसरे दिन 11 को पहरिया बाबू व चौथे दिन 12 अप्रैल को मां रमई रानी जातरा मेला का आयोजन होगा। पूर्व सरपंच धूरसिंग नेताम ने बताया कि मेला के अवसर पर गांव में चार दिनों तक कामकाज बंद रखा जाता है। जातरा मेला के दौरान जंगल में लकड़ी काटना, लकड़ी लाना, महुआ बीनना व दातून तोड़ने की भी पूरी तरह से मनाही रहती है। जातरा मनाने की परंपरा लगभग 1950 से प्रारंभ है। ग्राम पहंदा में चार दिनों तक त्योहार का माहौल रहता है। देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए राजाबाबा के प्रतिमा स्थल में देशी घी का हवन किया जाता है। पहरिया बाबू को धनुष बाण, श्रीफल व धोती अर्पण की जाती है। पवई रानी व रमई माता को सोलह श्रृंगार व चुनरी चढ़ाकर प्रसन्न किया जाता है। इस जातरा मेला को पहंदा सहित आसपास के दस गांवों बोदलबाहरा, केंवराडीह, धनबुड़ा, देवगांव, बोरसी, भोथा, लडेर, सोनेवारा व झांझरकेरा के लोग मिलजुलकर मनाते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि अगर कोई निःसंतान व्यक्ति राजाबाबा की शरण में संतान प्राप्ति की मुराद लेकर आता है तो राजा बाबा उनकी मुराद पूरी करते हैं। जातरा मेला को देखने के लिए धमतरी, रायपुर, कुरूद, दुर्ग, भिलाई, बालोद सहित दूरदराज के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। रात्रि में प्रथम दिन राधा कृष्ण लोक कला नाचा पार्टी दुर्रे बंजारी जिला राजनांदगांव व अंतिम दिन छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मेघा जिला धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है।

कार्यक्रम की तैयारी में राजा बाबा उपदेव समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, सचिव घुरसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष राधेश्याम नेताम, उपाध्यक्ष नरेश कुमार निषाद, सदस्यगण ललित कुमार दीवान, रोहित यदु पूर्व सरपंच, अवध राम धुर्वे, कुंजलाल ध्रुव, लीलाराम कोर्राम, महेत्तर राम ध्रुव, मनीराम नागवंशी, पलटन राम नेताम, टेकराम निषाद, ईश्वर राम निषाद जुटे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

### कृषि उपज मंडी नगरी में समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी शुरू

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता : प्रकाश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित नगरी द्वारा कृषि उपज मंडी नगरी में दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर चना की खरीदी 5650 प्रति क्विंटल की दर से प्रारंभ हुई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से की। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी के तहत विष्णुदेव साय सरकार अपने सभी वादों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के किसान समृद्ध और आत्मनिर्भर बनें। आने वाले समय में नई तकनीकों के माध्यम से किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष नरेंद्र नाग सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पार्षद शंकर देव, अश्वनी निषाद, आसकरण पटेल, अल्का साव, अंबिका ध्रुव, रूपेंद्र साहू, सहदेव राम साहू, भानेन्द्र सिंह, सुरेशा राम, रतन साहू, पत्रकार गोपीकिशन कश्यप, जीवन नाहटा, गोलू मंडावी, कौशल देव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। खरीदी के पहले दिन ग्राम मोदे के किसान नल कुमार कश्यप और मुरलीधर कश्यप से छह-छह क्विंटल चना की खरीदी की गई। कार्यक्रम में समिति के प्रबंधक वासुदेव साहू, वरुण कुमार गौर, वंदना साहू, हरीश साहू, ओमप्रकाश निषाद, घनश्याम नेताम, सातानंद सोम उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020